an>

Title: Need to construct a by-pass road at Ganesh Ghat on NH-3 and set up a Trauma Centre at National Highway at Dhamnod and Sardarpur in Dhar district of Madhya Pradsh.

श्रीमती सावित्री ठाकुर (धार) ः मेरे लोक सभा क्षेत्र धार के आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 पर मानपुर-गुजरी के मध्य गणेश घाट पर दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। यहां पर पैसेंजर वाहनें, छोटी कारें तथा टू-व्हीलरों को अक्सर बड़े वाहनों से खतरा रहता है। इसी वजह से यहां बाई-पास बनाना अति आवश्यक हो गया है। धार जिले के 2 नेशनल हाईवे, आगरा-मुंबई पर धामनोद तथा इंदौर-अहमदाबाद पर सरदारपुर इन दोनों स्थानों पर दुर्घटना में घायलों की संख्या स्वास्थ्य केंद्रों पर लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में इन दोनों स्थानों पर संसाधनों की कमी के चलते अक्सर घायलों की जान चली जाती है। ऐसे में इन दोनों स्थानों पर ट्रॉमा सेंटर की स्थापना अनिवार्य आवश्यकता बन गई है।

इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग-59 पर पुराने नेशनल हाईवे रोड की दशा अत्यंत दयनीय हो गई है। नवीन मार्ग बन जाने पर भी पैसेंजर वाहन तथा नगरों का ट्रैफिक इन्हीं मार्गों से होकर गुजरता है। ऐसे में इन मार्गों को बनाना व इनका मेंटीनेंस नेशनल हाईवे ऑथोरिटी की जिम्मेदारी है। इन मार्गों को शीघ्र ही बनाया जाना चाहिए।

नए नेशनल हाईवे के सारे एप्रोच रोड मुख्य मार्ग से 15 से 20 फीट नीचे हैं। सीधी एप्रोच से दुर्घटना का खतरा है। ऐसे एप्रोच रोड की गहराई कम कर इन्हें ऐसा बनाया जाए कि इन पर चलने वाले वाहन चालक मुख्य मार्ग से आने वाले वाहनों को देख पाएं।

मैं ये मांग करती हूं कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए सभी जरूरी कदम उठाये जायें।